Pib.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय
गृह मंत्रालय
*****
प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा मोदी सरकार बुनकर समुदाय के समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध

“2014 के बाद पहली बार हमारे मेहनतकश बुनकरों के वास्तविक कौशल को विकसित कर बुनकरों को उनका उपयुक्त श्रेय दिया जा रहा है”

“प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस घोषित किया ताकि बुनकरों को भारत के विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके”

“पीएम मोदी का ‘वोकल फॉर लोकल’ का मंत्र निश्चित रूप से हथकरघा क्षेत्र के मनोबल को बढ़ावा देगा”

“आइये हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए ‘वोकल फॉर हैंडमेड’ के समर्थन की प्रतिज्ञा करें”

नई दिल्ली , 07.08.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार बुनकर समुदाय के समग्र विकास के प्रति कटिबद्ध है। अपने ट्वीट में श्री अमित शाह ने कहा कि “2014 के बाद पहली बार हमारे मेहनतकश बुनकरों के वास्तविक कौशल को विकसित कर बुनकरों को उनका उपयुक्त श्रेय दिया जा रहा है। उन्हे और प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 7 अगस्त को **राष्ट्रीय** हथकरघा दिवस घोषित किया ताकि बुनकरों को भारत के विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके”।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि “पीएम मोदी का ‘वोकल फॉर लोकल’ का मंत्र निश्चित रूप से हथकरघा क्षेत्र के मनोबल को बढ़ावा देगा। आइये हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए ‘वोकल फॉर हैंडमेड’ के समर्थन की प्रतिज्ञा करें”।

https://twitter.com/AmitShah/status/1291606766468452353?s=20

https://twitter.com/AmitShah/status/1291606922093899778?s=20

***

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी